गुरुः साक्षात् परब्रह्म...

बंदऊं गुरु पद पदुम परागा।
सुरुचि सुवास सरस अनुरागा

अर्थ : मैं गुरु महाराज के चरण कमलों की रज की वंदना करता हूं जो सुरुचि, सुगंधि तथा अनुराग रूपी रस से पूर्ण है।

एक नजर में

मित्तल अध्यक्ष और चौहान बने महामंत्री

हरिद्वार : प्रदेश व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजीव चौधरी ने ज्वालापुर पुरानी अनाज मंडी इकाई का गठन किया। प्रवीण मित्तल अध्यक्ष, वासु चौहान महामंत्री, शानू अंसारी कोषाध्यक्ष, दीपक सेठी उपाध्यक्ष, सौरभ अग्रवाल व सतीश चौहान सचिव और खुशहाल मित्तल उप कोषाध्यक्ष मनोनीत किए गए। राममोहन गुप्ता, दीपक गोयल, दीपक अग्रवाल, रामस्वरुप चौहान, दिनेश अग्रवाल, अनिल चौहान और अरविंद चौहान को संरक्षक मनोनीत किया गया। प्रदेश अध्यक्ष संजीव चौधरी ने कहा कि कोरोना के हालात के बाद व्यापारी पूरी तरह टूट गया है। ऐसे मे पुलिस को हेलमेट और अन्य चालान में नरमी बरतनी चाहिए। पूर्व दर्जाधारी संजय पालीवाल ने कहा कि व्यापारियों से लेकर आम आदमी की आर्थिक स्थिति बेहद खराब है। (संस)

संपूर्ण देश के लिए खोली जाए चारधाम यात्रा

हरिद्वार : आनंद पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी बालकानंद गिरी महाराज ने सरकार से चारधाम यात्रा सभी देशवासियों के लिए खोलने की मांग की। भूपतवाला स्थित हरिधाम सनातन सेवा ट्रस्ट आश्रम के परमाध्यक्ष स्वामी बालकानंद गिरी महाराज ने कहा कि चारधाम यात्रा उत्तराखंड की आर्थिकी का मूल आधार है। बाहरी प्रदेशों के यात्रियों के चारधाम यात्रा पर आने पर प्रतिबंध के कारण चारधाम यात्रा पर आश्रित पर्यटन व्यवसायी, होटल स्वामियों व अन्य व्यापारियों को भारी नुकसान हो रहा है। चारधाम यात्रा सनातन संस्कृति की पहचान है। (संस)

भक्त की आराधना में होती है बड़ी शक्ति

हरिद्वार : निर्धन निकेतन के परमाध्यक्ष स्वामी ऋषि रामकृष्ण महाराज ने भोलेनाथ का रुद्राभिषेक और आरती कर देश को कोरोना संकट से मुक्ति दिलाने की प्रार्थना की। कहा कि सच्ची निष्ठा और आराधना से ही कोरोना मुक्ति का मार्ग प्रशस्त होगा। भक्तों की आराधना में बड़ी शक्ति होती है। भोलेनाथ भक्तों की सूक्ष्म आराधना से ही प्रसन्न हो जाते हैं। भगवान शिव को जलाभिषेक सबसे प्रिय है। भगवान शिव की कृपा से सभी संकट दूर हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि वैश्विक महामारी कोरोना देश दुनिया के लिए बड़ा संकट बनी हुई है। उन्होंने कहा कि मंदिरों में पूजा-अर्चना व सच्ची आराधना के तप बल पर ही कोरोना को हराया जा सकता है। (संस)

पेड़ पौधों को मिले जीवित व्यक्ति का दर्जा

हरिद्वार : स्पर्श गंगा कार्यालय में गंगा और पर्यावरण विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर अधिवक्ता ललित मिगलानी ने कहा कि गंगा, ग्लेशियर और पेड़ पौधों को जीवित व्यक्ति का दर्जा दिया जाना चाहिए। विहिप जिला अध्यक्ष नितिन गौतम ने कहा कि गंगा को स्वच्छ रखना सबका कर्तव्य है। गोष्ठी में समाजसेवी विशाल गर्ग, पार्षद निशा नौडियाल ने भी विचार व्यक्त किए। आशु चौधरी, जगजीतपुर चौकी इंचार्ज राजेंद्र सिंह रावत, रीता चमोली, रेनू शर्मा, मन्नू रावत, पुनीत कुमार, रीमा गुप्ता, विमला, देवेंद्र चावला मौजूद रहे। (जासं)

मास्क न पहनने पर करें कार्रवाई : डीएम

हरिद्वार: जिलाधिकारी सी. रवि शंकर ने पुनः आदेश जारी करते हुए कोरोना जैसी महामारी में मास्क आदि से मुंह को ढ़कने के आदेशों का सख्ती से पालन कराए जाने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के लिए सार्वजनिक स्थान पर अथवा घर से बाहर निकलने पर मास्क, गमछा, रूमाल या दुपट्टा/स्कार्फ पहनना अनिवार्य है। इसके साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर भी थूकना प्रतिबंधित किया गया है। उन्होंने आदेशों का पालन कराने के लिए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को सख्ती करने के लिए कहा है। कहा कि अगर कोई इसका पालन नहीं करता है तो उससे निर्धारित शुल्क वसूल किया जाए। जिसमें पहली, व दूसरी बार में मास्क न लगाने पर 100 रुपये व तीसरी बार में इसका उल्लंघन करने पर 200 रुपये का जुर्माना लगाया जाए।

इसी तरह सार्वजनिक स्थान पर प्रथम बार थूकने पर 100 रुपये, दूसरी बार में 200 रुपये और तीसरी बार इसका उल्लंघन करने पर 500 रुपये का जुर्माना वसूल किया जाए। (जासं)

हरेला पर्व पर स्कूल में किया गया पौधारोपण

लक्सर : हरेला पर्व पर नेशनल कन्या इंटर कॉलेज खानपुर में पौधारोपण किया गया। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण विषय पर ऑनलाइन प्रतियोगिता का आयोजन करने के साथ ही छात्र-छात्राओं ने पौधारोपण की शपथ ली।

प्रधानाचार्य डॉ घनश्याम गुप्ता ने कहा कि हरेला शब्द हरियाली से निकला है। हरियाली जीवन और खुशियों का प्रतीक है। एनएसएस प्रभारी बलराम गुप्ता ने कहा वृक्षों से हमें प्राणवायु मिलती है। एनसीसी प्रभारी पारस चौधरी ने कहा कि हरेला पर्व उत्तराखंड की जीवन शैली का प्रतिबिंब है। इस मौके पर पौधारोपण के साथ छात्र-छात्राओं के बीच ऑनलाइन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उप प्रधानाचार्य सुरेशचंद कवटियाल, प्रवक्ता मीनाक्षी, डॉ. पंकज चौहान भी मौजूद रहे। (संसू)

गुरु बिन भव निधि तरइ न कोई, जौ बिरंचि संकर सम होई

गुरु शिष्य परंपरा को दर्शाता है गुरु पूर्णिमा, गुरु का स्थान सर्वोपरि, शिष्य को गुरु ही दिखाता है ज्ञान के द्वार का रास्ता

गुरु की महिमा

जागरण संवाददाता, हरिद्वार: गुरु पूर्णिमा गुरु-शिष्य परंपरा को दर्शाता है। गुरु चरणों में उपस्थित साधक को ज्ञान, शांति और भक्ति की प्राप्ति होती है। आदि अनादि काल से यह परंपरा चली आ रही है। ज्ञान के द्वार का रास्ता गुरु ही शिष्य को दिखाता है। गुरुओं का सम्मान ईश्वर के सम्मान जैसा होता है। सनातन धर्म में गुरु का स्थान सर्वोपरि है। समाज को गति प्रदान करने में अच्छे गुरुओं की निर्णायक भूमिका हमेशा रही है। सनातनी परंपरा में गुरु शिष्य का कुम्हार और घड़े जैसा रिश्ता होता है जैसे कुम्हार घड़े का निर्माण करते समय एक हाथ से घड़े को बाहर से थाप देता है और दूसरे हाथ से घड़े के अंदर से सजावट देता है। इसके बाद ही घड़े में निखार आता है। वैसे ही गुरु और शिष्य का रिश्ता है।

गुरु पूर्णिमा पर मैं अपने पूज्य गुरुदेव ब्रह्मलीन श्रीमहंत गोपालानंद ब्रह्मचारी को नमन करता हूं। वह श्री पंच अग्नि अखाड़ा के सभापति थे। मेरी उनसे मुलाकात 1996 में मुंबई में एक यज्ञ के दौरान हुई। 2003 नासिक महाकुंभ के दौरान मैंने उनसे दीक्षा ली। धर्म प्रचार की प्रेरणा हमें उनसे ही मिली। गुरु भगवान, अध्यात्म और राष्ट्र के साथ हमें जोड़ता है। गुरु रूपी नौका पर सवार हुए बिना भवनिधि सागर को पार नहीं किया जा सकता है। पूरी दुनिया में भारत एकमात्र देश है, जहां गुरु-शिष्य संबंधों को एक पर्व के रूप में मनाया जाता है। गुरु पूर्णिमा पर अपने गुरु की पूजा और तिलक करने से गुरु की कृपा अपने शिष्यों पर सदैव बनी रहती है। गुरु ही शिष्य को प्रगति के मार्ग पर अग्रसर करते हैं। गुरु के सानिध्य में ही शिष्य का जीवन सफलताओं को अर्जित करता है।

महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद ब्रह्मचारी, पीठाधीश्वर श्री दक्षिण काली मंदिर

प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में चाहे वो किसी भी क्षेत्र में हो गुरु का एक महत्व होता है। गु शब्द का अर्थ होता है अंधकार और रु शब्द का अर्थ होता है उसको निरोध करने वाला। हमारे भीतर का जो अज्ञान का अंधकार है उसको जो निरोध करने वाले हैं वही गुरु हैं। खास करके साधक के जीवन में गुरु का अत्यंत महत्व है। कोई भी ऐसा व्यक्ति नहीं होगा, जिसने गुरु कृपा के बिना इस भवसागर को पार किया हो। गुरु बिन भव निधि तरई न कोई। जौ बिरंचि संकर सम होई। ऐसा तुलसी दास जी ने कहा है। आज सत्य का अभाव हो गया है। चारों ओर लोग झूठ में रहने लगे। इस परिस्थिति में गुरु के ज्ञान का आवश्यक्ता है। बिना सत्य के पृथ्वी नहीं टिक सकती है। पृथ्वी पर आजकल जो आक्रमण हो रहा है। चाहे वो कोरोना के रूप में हो, आंधी, बिजली गिरने के रूप में हो या अन्य किसी रूप में। उसका एक मात्र कारण है कि पृथ्वी पर सत्य का अभाव। आज लोग मनमुखी हो गये हैं, पहले गुरुमुखी हुआ करते थे। गुरुमुखी होने से गुरु के सत्य वाणी को ग्राह्य करता था। तथानुकूल अपने जीवन को चलाता था। मातृ सदन विकट से विकट परिस्थिति में भी सत्य के पथ पर टिका है। चाहे पूरा ब्रह्मांड भी मातृ सदन के विरोध में हो जाये। यही गुरु की विशेष कृपा है।

स्वामी शिवानंद, परमाध्यक्ष मातृसदन

हम किसी संत या व्यक्ति को नहीं भगवान शंकर के बेटे कार्तिकेय को अपना गुरु मानते हैं। गुरु पूर्णिमा पर भगवान कार्तिकेय के मंदिर में श्रृंगार और अभिषेक होगा। हम उन्हीं की पूजा करेंगे। हमारे गुरु निरंजन देव साक्षात हैं। उनके लिए जितना कहा जाए कम है। जो हमने पूजा-अर्चना की है, हम आज जिस स्थान पर हैं सब उन्हीं की कृपा है। हम किसी व्यक्ति विशेष को नहीं भगवान कार्तिकेय को अपना गुरु मानते हैं। उन्हीं के नाम पर अखाड़ा है और सबकुछ है। गुरु का स्थान संसार में सबसे ऊंचा होता है, परंतु गुरु भी गुरु जैसा होना चाहिए। क्योंकि गुरु ही हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाता है। गुरु पूर्णिमा पर हम जिसे भी गुरु मानते हैं, उसकी पूजा करें।

श्रीमहंत रविंद्र पुरी, अध्यक्ष मंसा देवी मंदिर ट्रस्ट हरिद्वार

जीवन के किसी भी क्षेत्र में सफलता के लिए गुरु की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। मुझे छात्र जीवन से ही गुरुओं का आशीर्वाद और सान्निध्य मिला है। उनके मार्गदर्शन से ही कई कठिनाई को पार करते हुए सफलता प्राप्त की है। स्कूल व कॉलेज में मेरे शिक्षक रहे सुब्रमण्यम सर, मृगेश कुमार और प्रो. कनगसभापति से बहुत कुछ सीखने को मिला और उनके निर्देशन में सही दिशा मिली। आइपीएस कोचिंग के दौरान प्रभाकरण सर ने मार्गदर्शन किया। मेरे जीवन में इन सभी गुरुओं का अहम स्थान है। साल में किसी विशेष दिन नहीं, मैं तो हर रोज ही गुरुओं को याद करता हूं और उनको नमन करता हूं। क्योंकि जीवन में सबकुछ गुरुओं के आशीर्वाद से ही मिला है। नई पीढ़ी से भी मैं यह कहना चाहूंगा कि अपने गुरुओं का सम्मान करें। अच्छे कार्य करते हुए अपने परिवार, समाज और गुरुजनों का नाम रोशन करें।

सेंथिल अवूदई कृष्णराज एस, एसएसपी हरिद्वार

30 से ज्यादा वाहनों के काटे चालान

बहादराबाद: बहादराबाद पुलिस ने बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों पर अभियान चलाकर कार्रवाई की। पुलिस ने अलग-अलग जगहों पर 30 से अधिक वाहनों के चालान काटे।

बहादराबाद-कलियर मार्ग पर पिछले कुछ दिनों से सड़क हादसे बढ़ रहे हैं। एसएसपी सेंथिल अवूदई कृष्णराज एस के निर्देश पर एसओ बहादराबाद गोविंद कुमार ने अभियान चलाकर चेकिंग की। अलग-अलग टीमों ने बीएचईएल तिराहा, कालीमाता तिराहा, पथरी रौ पुल, शांतरशाह पुलिस चौकी पर बिना हेलमेट लगाए 30 से अधिक लोगों के चालान काटे। सीओ सदर विजेंद्र डोभाल ने बताया कि अभियान लगातार जारी रहेगा। (संसू)

बुजुर्ग से छह लाख की धोखाधड़ी

मुकदमा

- पीड़ित और आरोपित दोनों पक्ष ऋषिकेश निवासी
- कनखल में दुकान बेचने के नाम पर हुई ठगी

जागरण संवाददाता, हरिद्वार : ऋषिकेश के एक बुजुर्ग अपने परिचितों के हाथों छह लाख की धोखाधड़ी का शिकार हो गए। एसआइटी की जांच के बाद हरिद्वार के कनखल थाने में ऋषिकेश निवासी बाप-बेटे, बेटी व दामाद के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

जोगेंद्र अरोड़ा निवासी शंकर भवन, आदर्श ग्राम ऋषिकेश ने एसआइटी के आइजी को पत्र भेजकर बताया कि वह वरिष्ठ नागरिक हैं। केदारनाथ आपदा में उन्होंने स्वजनों को खोया है। वर्ष 2015 में रोजगार के लिए उन्हें हरिद्वार में एक दुकान की तलाश थी। तभी उनकी मुलाकात परिचित अश्वनी भंडारी व उसके बेटे विजय भंडारी से हुई। अश्वनी भंडारी ने बताया कि उसकी बेटी रिंपी वाधवा की कनखल में कॉस्मेटिक की एक दुकान है। जिसे पड़ोस के एक डॉक्टर के पास छह लाख रुपये में गिरवी रखा हुआ है। छह लाख रुपये में दुकान छुड़ाने के बाद वह उन्हें रजिस्ट्री कर सकते हैं। विश्वास में आकर जोगेंद्र अरोड़ा ने छह लाख रुपये दे दिए, जिसकी एवज में रिंपी ने तीन-तीन लाख रुपये के दो चेक भी दिए। एग्रीमेंट का समय पूरा होने दुकान की रजिस्ट्री टाल दी। आरोप है कि छह लाख रुपये भी वापस नहीं किए। करीब डेढ़ साल तक टाल मटोल करने के बाद रिंपी के दोनों चेक बैंक में लगाए तो पता चला कि खाता बंद है। एसआइटी की पड़ताल में धोखाधड़ी की बात सामने आने पर कनखल थाने में शनिवार को आरोपित अश्वनी भंडारी, उसके बेटे विजय भंडारी, रिंपी वाधवा व उसके पति गिरीश वाधवा निवासीगण मालवीय नगर ऋषिकेश के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया।

अवैध खनन में बोगी समेत 12 वाहन पकड़े

हरिद्वार : अवैध खनन की शिकायत पर प्रशासन की टीम ने भैंसा बोगी समेत 12 वाहनों सीज कर दिया गया। शनिवार को पथरी क्षेत्र के भोगपुर में आठ भैंसा बोगियां पकड़ी गई। टीम ने भैंसों को छोड़कर बोगियों को सीज कर दिया । इसके अलावा दो डंपर रोशनाबाद में भी पकड़ लिए गए। जिन्हें सीज कर दिया। वहीं, एक वाहन औरंगाबाद और एक वाहन धनौरी क्षेत्र में पकड़ा गया। सूचना मिलने से कुछ खनन माफिया वाहनों को लेकर फरार हो गए। (संस)

श्रद्धालु अपने घरों में रहकर मनाएं गुरु पूर्णिमा का पर्व

संवाद सहयोगी, हरिद्वार : मां मंसा देवी मंदिर ट्रस्ट के परमाध्यक्ष व पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी के सचिव श्रीमहंत रविंद्र पुरी ने भक्तों से अपील की है कि वह अपने घरों में रहकर ही गुरु पूर्णिमा मनाएं।

गुरु पूर्णिमा पर्व पर हर साल देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु हरिद्वार के अखाड़ों, आश्रमों में साधु संतों का आशीर्वाद लेने पहुंचते हैं। इस बार रविवार को गुरु पूर्णिमा पर्व पड़ रहा है। मंसा देवी मंदिर ट्रस्ट के परमाध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्र पुरी ने गुरु पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर श्रद्धालु भक्तों को यह संदेश देते हुए कहा कि कोरोना के चलते इस बार गुरु पूर्णिमा पर्व पर हरिद्वार आने के बजाय अपने अपने घरों में रहकर ही पूजा-अर्चना करें। गुरु के बताए गए मंत्र का जाप करें। उन्होंने कहा कि जीवन में गुरु का स्थान सर्वोच्च होता है। गुरु ही ईश्वर प्राप्ति का माध्यम है।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भरे सड़क के गड्ढे

जागरण संवाददाता, हरिद्वार: कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अपर रोड स्थित पालीवाल धर्मशाला से लेकर हरकी पैड़ी तक सड़क के गड्ढे भरकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। महापौर के पति और पूर्व सभासद अशोक शर्मा ने कहा कि कैबिनेट मंत्री सिर्फ बैठक कर रहे हैं। धरातल पर कोई कार्य नहीं हो रहा। तीन साल से कहते आ रहे कि एक्शन होगा। पार्षद कैलाश भट्ट, कैश खुराना ने बताया कि बारिश होने पर गड्ढों में पानी भर जाता है। इस कारण हादसों का अंदेशा बना रहता है।

अपर रोड पर खोदे गए गड्ढे को भरते कांग्रेसी● जागरण

व्यापारी रमेश वाजपेयी, महेंद्र अरोड़ा, सुनील गुप्ता ने बताया कि दुकानों के आगे गड्ढों में लीकेज से पानी भर रहा है। विभागों का आपस में कोई सामंजस्य नहीं है। इस मौके पर रवि कश्यप, रोहित नेगी विकास चंद्रा ने, अमित राजपूत, सुनील कुमार, विक्की कोरी, नीलम शर्मा, प्रेम शर्मा, वसीम सलमानी, हरद्वारी लाल, विकास, रजत जैन, रवि कश्यप, तेजपाल, संगम शर्मा, सुमित भाटिया, नावेज अंसारी, अनुज, गोविंद, मुकेश शर्मा, राजीव पाराशर, सुमित, शामिल रहे।

TATA की पेशकश

35000 की डायमंड ज्वेलरी की खरीद पर 0.6 ग्राम का 22 कैरट का सोने का सिक्का फ्री

करें पवित्र बंधन की शुरुआत, सिर्फ खरे सोने के साथ

TATA का भरोसा

TANISHQ

20% तक की छूट*
सोने के गहनों की बनवाई और हीरे के गहनों की कीमत पर

TATA का भरोसा | अत्याधुनिक कैरेटमीटर | 100% शुद्धता | 8% बनवाई शुल्क से रेंज शुरू | सर्वश्रेष्ठ एक्सचेंज वैल्यू

Buy online at tanishq.co.in • To know more, log on to tanishq.co.in or give a missed call on 1800 3010 5002.

*शर्तें लागू • ऑफर 50 ग्राम और इससे अधिक के सोने के गहनों की खरीदारी के लिये वैध • डायमंड ज्वेलरी पर ऑफर सिर्फ 1 लाख और अधिक की खरीदारी पर मान्य. • Check tanishq.co.in/offers for further details • Follow us on:

शोरूम:- आई सी आई सी आई बैंक के सामने रानीपुर मोड़ हरिद्वार
फोन:- 01334-266440, 9219418440

kotak
कोटक महिन्द्रा बैंक लि.
कॉर्पोरेट पहचान सं. L65110MH1985PLC038137, www.kotak.com
शाखा कार्यालय: 1/11, प्रथम तल, पूर्व पटेल नगर, नई दिल्ली-110008
पंजीकृत कार्यालय:- 27 बीकेसी, सी 27, जी ब्लॉक, बान्द्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बान्द्रा (पूर्व), मुंबई-400051

अचल सह चल सम्पत्तियों की ई-नीलामी सह बिक्री सूचना

सिक्युरिटाइजेशन एण्ड रिकन्सट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल एसेट्स एण्ड एन्फोर्समेंट ऑफ सिक्युरिटी इंटरेस्ट, 2002 के साथ पठित सिक्युरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, 2002 के रूल 8(6) के नियम के अंतर्गत अचल/चल सम्पत्तियों की ई-नीलामी सह बिक्री सूचना

[illegible] कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड ("सिक्योर्ड क्रेडिटर") [illegible] 01.05.2019 [illegible] (1) श्री पुष्पेन्द्र कुमार जमुना प्रसाद मिश्र [illegible] (2) श्री देवेन्द्र कुमार जमुना प्रसाद मिश्र [illegible] (3) श्री रोहित मिश्र [illegible] 30 जून, 2018 तक रु. 5,02,59,036.00 [illegible] 27.07.2020 को "जहां है जैसा है आधार", "जहां है जो है", और "वहां जो कुछ भी है आधार" पर ई-नीलामी के माध्यम से बिक्री की जाएगी।

आरक्षित मूल्य, अग्रधन राशि जमा, नीलामी कार्यक्रम और नीलामी पर रखी अचल/चल सम्पत्तियों का विवरण निम्नलिखित है:

क्र. सं.	बंधककर्ता/ओं या दृष्टिबंधककर्ताओं के नाम	ई-नीलामी पर रखी अचल/चल सम्पत्ति का विवरण	ऑनलाइन बिड के प्रस्तुतिकरण की अंतिम तिथि	ई-नीलामी की तिथि एवं समय	आरक्षित कीमत (आइएनआर)	अग्रधन राशि का (ईएमडी) (आइएनआर)
I लॉट	श्री पुष्पेन्द्र कुमार जमुना प्रसाद मिश्र एवं श्री देवेन्द्र कुमार जमुना प्रसाद मिश्र	[illegible]	27.07.2020 दोपहर 12:00 बजे तक	27.07.2020 अप. 03:00 बजे से अप. 04:00 बजे के मध्य	रु. 3,63,00,000/- [illegible]	रु. 36,30,000/- [illegible]
II लॉट	श्री पुष्पेन्द्र कुमार जमुना प्रसाद मिश्र एवं श्री देवेन्द्र कुमार जमुना प्रसाद मिश्र	[illegible]	27.07.2020 दोपहर 12:00 बजे तक	27.07.2020 अप. 03:00 बजे से अप. 04:00 बजे के मध्य	रु. 1,00,00,000/- (रुपये एक करोड़ मात्र) [illegible]	रु. 10,00,000/- (रुपये दस लाख मात्र) [illegible]
III लॉट	श्री पुष्पेन्द्र कुमार जमुना प्रसाद मिश्र एवं श्री देवेन्द्र कुमार	[illegible]	27.07.2020 दोपहर 12:00	27.07.2020 अप. 03:00 बजे से	रु. 55,00,000/- (रुपये पचपन लाख मात्र)	रु. 5,50,000/- (रुपये पांच लाख पचास हजार मात्र)

[illegible] 14.07.2020 [illegible]

महत्वपूर्ण नियम एवं शर्तें:

1. [illegible] 27/7/2020 [illegible] https://kotakbank.auctiontiger.net [illegible]
2. [illegible] delhi@auctiontiger.net, ramprasad@auctiontiger.net [illegible] support@auctiontiger.net [illegible]
3. [illegible] https://kotakbank/en/bank-auction.html [illegible]
4. [illegible] https://kotakbank.auctiontiger.net [illegible]
5. [illegible] https://kotakbank.auctiontiger.net [illegible]
6. [illegible] 27/7/2020 [illegible] https://kotakbank.auctiontiger.net [illegible] gs.pandey@kotak.com [illegible] batesh.thakur@kotak.com [illegible]
7. [illegible]
8. [illegible] 27/7/2020 [illegible] KKBK0000958 [illegible]
9. [illegible]
10. [illegible]
11. [illegible]
12. [illegible]
13. [illegible]
14. [illegible]
15. [illegible]
16. [illegible] RTGS/NEFT/Fund Transfer [illegible]
17. [illegible]
18. [illegible]
19. [illegible]
20. [illegible]
21. [illegible]
22. [illegible]
23. [illegible]
24. [illegible] 26QB/TDS [illegible]
25. [illegible]
26. [illegible]
27. [illegible]
28. [illegible]
29. [illegible]
30. [illegible] www.kotak.com [illegible]
31. [illegible]

सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 6(2), 8(6), 8(7) एवं 9(1) के तहत 15 दिवसीय वैधानिक बिक्री सूचना: [illegible]

स्थान: दिल्ली तिथि: 03.07.2020
अधिकृत अधिकारी, कृते कोटक महिन्द्रा बैंक लि.